'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक : 264 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए मंगलवार , 09 दिसंबर , 2024 samachargate@gmail.com



## पहला कॉलम



### लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जयपुर पहुंचे

**जयपुर ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी खेड़ा पति बालाजी (सामोद) आश्रम धाम में आयोजित हो रहे कांग्रेस के 'नेतृत्व संगम' (प्रशिक्षण शिविर) में भाग लेने के लिए रविवार सुबह एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उपनेता प्रतिपक्ष रमेश मीणा ने जयपुर हवाई अड्डे पर राहुल गांधी का स्वागत किया। कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर हर साल आयोजित किया जाता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पार्टी नेताओं के अनुसार, इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से कांग्रेस के चुनिंदा नेता पहुंच रहे हैं। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं को प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने की अनुमति नहीं है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष जूली, पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत सहित वरिष्ठ नेता उनके साथ प्रशिक्षण सत्र में नहीं जाएंगे। कांग्रेस के इस प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पाकिस्तानी नागरिक के प्रत्यर्पण पर रोक, सुप्रीम कोर्ट पहुंची कर्नाटक पुलिस

**बेंगलुरु ।** 2012 में हुए आतंकवाद के मामले में 3 लोगों को बरी करने के कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। इसमें एक आरोपी पकिस्तान से है। पाकिस्तानी नागरिक को बरी करने के बाद निर्वासित करने का आदेश दिया गया था। बता दें की आरोपियों की पहचान सैयद अब्दुल रहमान, 36, अफ्सर पाशा, 43, और पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद फहद उर्फ मोहम्मद कोया, 42 के रूप में हुई है। इन पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। बेंगलुरु पुलिस ने 2012 में फहाद, अफ्सर पाशा और सैयद अब्दुल रहमान के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया था। तब बेंगलुरु पुलिस ने आरोप लगाया था कि चोरी के आरोप में जेल में बंद रहमान को फहाद और पाशा ने आतंकवाद के लिए उकसाया था। बेंगलुरू पुलिस ने फहाद और पाशा पर आतंकवाद का आरोप लगाया था क्योंकि इन दोनों ने जेल में रहमान को आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया था।

### तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले तेंदुए को बेहोश कर पकड़ा

**जयपुर ।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में तब हड़कंप मच गया जब एक तेंदुए ने तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। घंटों के अभियान के बाद तेंदुए को बेहोश कर पकड़ा गया। वन विभाग के अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उप वन संरक्षक जगदीश गुप्ता ने बताया कि विद्याधर नगर में एक तेंदुए के घुसने की सूचना मिली जिसके बाद तलाशी अभियान के दौरान तेंदुआ सीपीडब्ल्यूडी के सरकारी अतिथि गृह के बगीचे में मिला। उन्होंने बताया कि तेंदुआ सड़क पर आया और तीन लोगों पर हमला कर दिया। इलाके में भीड़ जमा हो गई और जानवर का पीछा कर उसका वीडियो बनाने लगी। वन विभाग के अलावा पुलिस और नागरिक सुरक्षा दल भी मौके पर पहुंच गया। बाद में तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया गया। गुप्ता ने बताया कि नाहरगढ़ वन क्षेत्र का बड़ा हिस्सा विद्याधर नगर क्षेत्र से जुड़ा है। इसकी वजह से भोजन की तलाश में तेंदुओं के आने-जाने की आशंका बनी रहती है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसमें झालाना, आमागढ़ और नाहरगढ़ वन क्षेत्र में करीब 75 तेंदुए हैं। सबसे ज्यादा 45 तेंदुए झालाना में हैं। वहीं, 20 से ज्यादा तेंदुए आमागढ़ के जंगलों में हैं। आकड़ों के अनुसार पूरे राजस्थान में अनुमानित 920 से अधिक तेंदुए हैं।

### गूगल ने बताया-राष्ट्रपति आवास और आसपास का इलाका बना प्रदूषण का नया हॉटस्पॉट

**नई दिल्ली।** स्वच्छ हवा प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे इस जलवायु तकनीकी संगठन द्वारा जारी की गई डिकोडिंग अर्बन एयर-हाइपरलोकल इनसाइट्स इन टू पीएम 2.5 पॉल्यूशन एक्रॉस इंडियन मेट्रोपोलिज नामक रिपोर्ट दिल्ली के लिए विशिष्ट वायु गुणवत्ता के रुझान और प्रदूषण हॉटस्पॉट का विस्तृत विश्लेषण प्रदान करती है। रेस्पिरर लिविंग साइंसेज की रिपोर्ट में सीपीसीबी मॉनिटरिंग डेटा और गूगल मैप्स एयर क्वालिटी एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) से ओवरलेड स्थानिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करके अपने एटलसएक्यू प्लेटफार्म से वायु गुणवत्ता विश्लेषण को जोड़ा गया है। गूगल ने पूरे भारत में वायु गुणवत्ता निगरानी बढ़ाने के लिए एयरक्यू प्लस पहल पर रेस्पिरर के साथ साझेदारी की है। गूगल मैप्स एक्यू के आधार पर दिल्ली का सबसे प्रदूषित एरिया उत्तर पश्चिमी दिल्ली का चांदपुर गांव है। यहां पर पीएम 2.5 का स्तर 391 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।इसके बाद मध्य दिल्ली के प्रेसीडेंट एस्टेट में पीएम 2.5 का स्तर 385 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और बवाना में 373 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। रिपोर्ट के अनुसार गूगल मैप्स एक्यू डेटा के आधार पर प्रेसीडेंट इस्टेट को हॉटस्पॉट दिखाया गया है।

# सीरिया पर विद्रोहियों का कब्जा

## राष्ट्रपति बशर अल असद देश छोड़कर भागे

### पीएम अल-जलाली ने लोगों से संपत्तियों को नुसकान न पहुंचाने की अपील की

**नई दिल्ली ।**

सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों का कब्जा हो गया है। सेना ने विद्रोहियों के सामने हथियाद डाल दिए हैं। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। सीरिया के आर्मी कमांडर ने असद सरकार को खत्म करने का ऐलान किया। सीरियाई विद्रोहियों ने रविवार को ऐलान किया कि बशर अल-असद राजधानी से भाग गए है। विद्रोहियों ने दमिश्क को आजाद घोषित कर दिया है। पुलिस मुख्यालय से लेकर टीवी नेटवर्क तक पर विद्रोहियों का कब्जा है। मिलिट्री ऑपरेशंस कमांड ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में लिखा- हम तानाशाह बशर अल-असद से दमिश्क शहर को आजाद घोषित करते हैं। दुनिया भर में विस्थापित हुए सभी लोगों के लिए एक आजाद सीरिया आपका इंतजार कर रहा है। इससे पहले विद्रोहियों ने राजधानी में घुसने और दमिश्क के उत्तर में कुख्यात सैदनाया सैन्य जेल पर नियंत्रण करने का दावा किया था। वहीं, दूसरी ओर सीरिया के पीएम मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने रविवार सुबह एक संदेश में कहा कि सरकार लोगों की ओर से चुने गए किसी भी नेतृत्व के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साफ कहा कि वह सत्ता सौंपने के लिए तैयार हैं।

पीएम गाजी अल-जलाली ने सीरियाई लोगों से सार्वजनिक संपत्तियों को नुसकान न पहुंचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सभी नागरिकों की है। उन्होंने कहा कि मैं यहां अपने घर में हूं, कहीं नहीं गया और न ही इसे छोड़ने का इरादा है। शांतिपूर्ण तरीके से सार्वजनिक संस्थानों, राज्य की सुविधाओं के संचालन को जारी रखना और सभी नागरिकों के लिए सुरक्षा के लिए मौजूद हूं। उन्होंने अपने बयान में साफ कहा कि वह विद्रोहियों की हर शर्त मानने को तैयार हैं। सीरिया के सशस्त्र विपक्ष का नेतृत्व करने वाले मुख्य समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के विद्रोही नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने विद्रोही बलों से राज्य के संस्थानों को बिना नुकसान पहुंचाए छोड़ने का आह्वान करते हुए एक बयान जारी किया। अल-जुलानी के नाम से मशहूर



अहमद अल-शारा ने टेलीग्राम पर कहा कि दमिश्क शहर के सभी सैन्य बलों के लिए, सार्वजनिक संस्थानों से संपर्क करना सख्त मना है, जो पूर्व पीएम की देखरेख में तब तक रहेंगे जब तक उन्हें आधिकारिक तौर पर नहीं सौंप दिया जाता है, और हवा में गोलियां चलाने की भी मनाही है।

बशर अल असद के देश से भागन के बाद अब विद्रोहियों के कब्जे में सीरिया है। ऐसे में विद्रोही खुद ही सरकार चलाएंगे या फिर पीएम अल-जलाली ही चेहरा बने रहेंगे। सेना भी अब लड़ना नहीं चाहती है।

# राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में भाग लेने आज जयपुर आ रहे पीएम मोदी

## 3200 से अधिक पुलिसकर्मियों पर सुरक्षा की जबावदेही

**जयपुर ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 दिसंबर को सुबह करीब 10 बजे जेईसीसी परिसर में होने वाले राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में भाग लेने के लिए पहुंचने वाले है। पीएम के आगमन को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। रविवार को जयपुर एयरपोर्ट से लेकर जेईसीसी तक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की रिहर्सल की जा रही है।शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी भी बाहर से बुलाए गए हैं, ताकि समिट के दिन शहर में यातायात सुचारु रूप से चल सके। यह अतिरिक्त पुलिस बल विशेष रूप से उन मार्गों पर तैनात किया जाएगा, जहां ट्रैफिक की अधिक संभावना है। इसके अलावा, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के दौरान शहर में वीआइपी मूवमेंट और उच्च अधिकारियों की आवाजाही को ध्यान में रखकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समिट के दौरान यातायात को कुछ समय के लिए ही रोका जाएगा और लोगों को अधिक परेशानी न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

वहीं डीसीपी (पूर्व) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि समिट में भाग लेने के लिए देश-विदेश से मेहमानों के आने के दौरान कुछ समय के लिए यातायात रोका

राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट 2024

जाएगा। पीएम के समिट स्थल पर जाते समय ट्रैफिक रोका जाएगा, इसके बाद यातायात सामान्य होगा। इसके साथ ही, सोमवार शाम को पीएम के रामबाग होटल तक जाने के दौरान भी ट्रैफिक कुछ समय के लिए रुकेगा। जयपुर एयरपोर्ट से सांगानेर, गौशाला, इंडिया गेट जैसे प्रमुख इलाकों में, जहां अधिक भीड़ रहती है, वहां भी जरूरत पड़ने पर यातायात डायवर्ट किया जाएगा।

राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समिट में देश-विदेश से कई प्रमुख अतिथियों के शामिल होने की संभावना है, जिनकी सुरक्षा का जिम्मा 11 आइपीएस अधिकारियों सहित 3200 से अधिक पुलिसकर्मियों पर रहेगा।

### जन कल्याण सेवा न्यास व अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा निशुल्क कैंप का किया आयोजन



**समाचार गेट/ सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़:** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के माध्यम से और जन कल्याण सेवा न्यास के सहयोग से शिव सैनी धर्मशाला में जन कल्याण सेवा न्यास संस्था के सहयोग से श्रीमती रेणु आर्य द्वारा आयुर्वेदिक एम्स दिल्ली के डॉक्टरो द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया । इस मोके पर संस्था के प्रधान अमित गोयल,आईएमटी के प्रधान वीरभान शर्मा ,गौरव शर्मा,प्रेम मदान,उधम अधाना,भगत सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था के प्रधान अमित गोयल ने विधायक श्री मूलचंद शर्मा का बुके देकर स्वागत किया और शर्मा जी ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन पद्धति है हमें इसको अपनाना चाहिए

## सरनेम बदलने से ए-आई नहीं खोज पा रहा है, शादीशुदा महिलाओं का डेटा

**नई दिल्ली ।**

डिजिटल तकनीकी के इस दौर में सबसे ज्यादा मुसीबत शादीशुदा महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। सोशल मीडिया और एआई तकनीकी के माध्यम से जिन महिलाओं की शादी हो चुकी है। शादी होने के बाद उनका सरनेम बदल गया है। जिसके कारण उनका पुराना रिकॉर्ड वर्तमान के साथ जुड़ नहीं पा रहा है। जिसके कारण शादीशुदा महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शादीशुदा महिलाएं जब भी नौकरी के लिए आवेदन करती हैं। उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड, शादी के पहले की सभी जानकारी उनके वर्तमान बायोडाटा से मैच नहीं करती हैं। जिसके कारण महिलाओं को अपने करियर और नौकरी पाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है.

अमेरिका जैसे देश में 77 फ़ीसदी विवाहित अमेरिकी महिलाओं को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। भारत में 90 फीसदी से ज्यादा महिलाओं के सरनेम बदल जाते हैं। भारतीय सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था है।

दुनिया के लगभग सभी देशों में विवाह के बाद महिलाओं का सरनेम बदल जाता है। 1990 से 2010 के बीच में जन्म लेने वाली 32 फीसदी महिलाएं शादी के बाद अब अपना सरनेम नहीं बदलती हैं।

जिसके कारण उन्हें वह परेशानी नहीं हो रही है। जो सरनेम बदलने वाली महिलाओं को हो रही है।

दुनिया के सभी देशों में जिस तरह से महिलाएं नौकरी और कारोबार के क्षेत्र में बड़ी संख्या में आगे आ रही हैं। डिजिटल दुनिया के इस दौर में सबसे ज्यादा परेशानी पढ़ी-लिखी नौकरी करने वाली एवं कारोबारी महिलाओं को झेलना पड़ रही है। जिन युवतियों की अभी शादी हो रही है। यूरोपीय देशों में उन्होंने अपना सरनेम बदलना बंद कर दिया है। भारत जैसे देशों में अभी भी है एक बड़ी समस्या बन गया है। जब सारे काम ऑनलाइन हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में प्रमाणिकता भी कई ऐसे डिजिटल प्लेटफार्म से ली जाती है जिसकी पुष्टि करना बड़ा मुश्किल होता है। भारत में महिलाओं को सबसे ज्यादा तकलीफ अब डिजिटल दुनिया में देखने को मिल रही है।

## घरेलू नौकर/सहायक, किराएदार रखने से पहले अवश्य कराएं पुलिस वेरीफिकेशन

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद-** सभी नागरिकों व संस्थाओं द्वारा अपने यहां काम करने वाले नौकर/सहायक, किरायेदार की वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य है। नौकर/सहायक, किरायेदार रखने पर सूचना पुलिस को दें और उनकी वेरिफिकेशन करवाएं। इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं और पुलिस द्वारा भी आमजन को इस बारे में जागरूक किया जा रहा है लेकिन फिर भी कुछ संस्थाएं/व्यक्ति पुलिस वेरिफिकेशन कराने से बचते हैं जिस कारण अपने आप को व शहर की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं ऐसी लापरवाही के कारण कोई भी बड़ी घटना घटित हो सकती है। हाल ही में एनआईटी क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के मामले में प्रबंधक थाना ढब्ळ ने बताया कि NIT एरिया में हुई वारदात करने वाला नौकर 17 नवंबर से काम पर आया था और मकान मालिक द्वारा उसकी कोई भी वेरिफिकेशन नहीं कराई गई थीं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हाल ही में हुई ढब्ळ की वारदात करने वाले नौकर की वेरिफिकेशन नहीं कराएगी इसके अतिरिक्त जुलाई माह में ग्रीनफील्ड क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में भी घरेलू नौकर की वेरिफिकेशन नहीं कराई गई थी, जिसके द्वारा आपने गिरोह के साथ मिलकर घर में लूट को अंजाम दिया था, पुलिस ने मुस्तेदी दिखाते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके लूट/चोरी का सामान बरामद कर लिया था इस तरह से घटित होने वारदात के मध्यनजर फरीदाबाद पुलिस की तरफ से पुनः आमजन को अपने नौकर/सहायक, किरायेदारों की वेरिफिकेशन के निर्देशित किया जाता है हैं। कोई व्यक्ति अपने घर पर नौकर/सहायक, किरायेदार रखता है तो पहले उसका पुलिस वेरीफिकेशन करना अनिवार्य है ताकि शहर में होने वाली इस प्रकार की वारदातों को नियंत्रित किया जा सके। यदि किसी एजेंसी के माध्यम से नौकर मिल रहा है तो उसे एजेंसी को भी अपने स्तर पर वेरीफाई किया जाए

इसलिए फरीदाबाद पुलिस का सभी शहर वासियों से अनुरोध है कि बाहर से आए किसी भी व्यक्ति को किराए पर रखने, घरेलू नौकर/सहायक के रूप में रखने से पहले उसकी पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराएं । जिसके लिए उसके पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस ढ्अठ कार्ड इत्यादि की प्रति प्राप्त करके उसके फोटो सहित नजदीकी थाना या चौकी में पहुंचकर उसका फॉर्म भरकर दे, फॉर्म में उसके नाम पता, फोन नंबर, बैंक खाता विवरण सहित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि पुलिस द्वारा इसकी वेरिफिकेशन की जा सके। जनहित में अति आवश्यक ।

# गीता महोत्सव का आगाज: प्रेरणादायी और आकर्षक होगा गीता महोत्सव: डीसी

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव 2024 की तैयारियां जोरों पर

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को गरिमामयी ढंग से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। गीता महोत्सव प्रेरणादायी होने के साथ-साथ भव्य और आकर्षक भी होगा। तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन दिनांकः- 09 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा। गीता महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही तीन दिन के दौरान गीता पूजन हवन, सेमिनार का आयोजन होगा, जिसमें वक्ता श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर अपने व्याख्यान देंगे। साथ ही विभिन्न



विभागों व सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। तीन दिन तक चलने वाले गीता महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के अलावा स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूली बच्चों द्वारा गीता का श्लोकोच्चारण किया जाएगा। इसके अलावा अंतिम दिन नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें गीता पर आधारित झांकियां शामिल होंगी। नगर शोभा यात्रा में धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी गीता पर आधारित अपनी झांकी शामिल करेंगी।

डीसी ने बताया कि पहले दिन दिनांक 09 दिसंबर को प्रात : 10:30 बजे सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश फागना बतौर मुख्य अतिथि जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

इसी प्रकार कार्यक्रम के दूसरे दिन दिनांकः- 10 दिसंबर को प्रात : 10:30 बजे बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा प्रातः- 10:30 बजे सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के तीसरे दिन दिनांक : 11 दिसंबर को प्रातः 12 बजे 2000 स्कूली बच्चों द्वारा गीता के श्लोकों का उच्चारण किया जाएगा और दोपहर 02 बजे से सेक्टर-17 मार्किट से नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसका समापन सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में होगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट दस विकेट से जीता, भारतीय टीम की करारी हार, सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को दस विकेट से हराकर बॉर्डर गावस्कर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। भारतीय टीम तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए केवल 19 रन बनाने थे जो उसके सलामी बल्लेबाजों नाथन मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा ने बिना किसी नुकसान के चार ओवरों में ही बना लिए। भारतीय टीम ने गुलाबी गेंद से खेले गये दिन-रात के इस मैच के तीसरे ही दिन समर्पण कर दिया।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाज मिचेल स्टार्क सहित ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में 44.1 ओवर में ही 180 रनों पर आउट हो गये। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड के शतक से अपनी पहली पारी में 337 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 157 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और पूरी टीम 36.5 ओवर में 175 रनों पर ही सिमट गयी। दोनों ही पारियों में सारे विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। पहली पारी में स्टार्क ने सबसे अधिक 6 विकेट जबकि दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम ने दूसरे दिन के 5 विकेट पर 128 रनों से आगे खेलते हुए तीसर दिन सबसे पहले ऋषभ पंत 28 का विकेट खोया। ऋषभ अपने दूसरे दिन के स्कोर में बिना एक भी रन जोड़े बिना पेवेलियन लौट गये। इस प्रकार 128 के स्कोर पर भारतीय टीम का छठा विकेट गिरा। नीतीश ने पहली पारी की तरह ही दूसरी पारी में भी सबसे अधिक 42 रन बनाए और किसी प्रकार भारतीय टीम को ने 166 रन तक पहुंचाया। इसके बाद नीतीश कैच आउट हुए। इस प्रकार भारतीय टीम का नौवा विकेट गिरा। अंतिम विकेट मो सिराज के रुप में गिरा और इसके साथ ही भारतीय टीम हार गयी। थर्डमैन पर लपके गए, वे नौवें बैटर के तौर पर आउट हुए, इसके 9 रन बाद सिराज के आउट होते ही भारतीय टीम 175 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिक में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम तीसरे नंबर पर फिसल गयी है।



## आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार कर सकते हैं मुम्बई इंडियंस की कप्तानी



**मुम्बई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा।

ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता।

पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें।

मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम - 12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगा था। बता दें कि टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

## गावस्कर ने नीतीश को भविष्य का सितारा बताया

**एडीलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने यहां गुलाबी गेंद से खेल जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए युवा नीतीश रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। नीतीश ने यहां भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में सबसे अधिक रन बनाये।



नीतीश ने पहले टेस्ट में भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। दूसरे टेस्ट में जब भारतीय टीम संकट में थी। उस समय नीतीश ने निडर होकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी। उसी कारण से भारतीय टीम पहली पारी में 180 रन तक पहुंच पायी। नीतीश ने सबसे अधिक 42 रन बनाये। अपनी पारी में नीतीश ने 3 चौके और 3 छक्के लगाए।

पारी के दौरान नीतीश ने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंदों पर भी आसानी से बड़े शॉट लगा दिये। जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हैं। नीतीश ने रिवर्स स्वीप और कवर के ऊपर से कई ऐसे शॉट मारे जिसे देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। गावस्कर भी नीतीश की इसी खूबी से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इस युवा ने अब तक खेला है उससे तय है कि ये भविष्य में एक स्टार क्रिकेटर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि, उसने जिस अंदाज में शॉट मारे उसे देखकर समझा जा सकता है कि उसमें कितना आत्मविश्वास हैं। उसने बिना किसी डर के उसने बल्लेबाजी की और दिखाया कि उसके अंदर भरपूर टैलेंट है। इससे पता चलता है कि उसमें एक शीर्ष खिलाड़ी बनने की प्रतिभा है। साथ ही कहा कि वह आने वाले समय में भारत के लिए लगातार टेस्ट खेलते हुए एक नया सुपरस्टार बनेगा। गावस्कर ने भी कहा कि, उसने अपने दूसरे ही टेस्ट में जिस अंदाज में रिवर्स शॉट मारे हैं उसे देखकर मैं हैरान रह गया हूं।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया, सीरीज में 2-0 से आगे हुई

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 249 रन ही बना पायी।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड 60 और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उसने बेथ मूनी 56 के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रहीं। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मिन्नु मनी ने 71 रन देकर दो विकेट वहीं रेणुका सिंह ने 78 रन पर एक विकेट लिया।, दीप्ति शर्मा ने 59 रन देक एक विकेट जबकि प्रिया मिश्रा ने भी 88 रन पर एक विकेट लिया। मेजबान टीम ने



पहले मैच में भी भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था। ऐसे में अब वह सीरीज में 2-0 से आगे हो गयी है।

## कमाई में भी पीछे नहीं हैं ईशान



मुम्बई । भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल अपनी वापसी के प्रयास में लगे हैं और जब भी अवसर मिले बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। ईशान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिला है। इसके बाद भी उनकी कमाई करोड़ों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल नेटवर्क 62 करोड़ रुपए के करीब है। वह आईपीएल से ही करोड़ों कमा लेते हैं। आईपीएल 2024 तक मुंबई इंडियंस ने ईशान को 15.25 करोड़ रुपए में रखा था। वहीं इस बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए देने में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट से भी उन्हें एक अच्छी रकम मिल जाती है। इसके अलावा या बल्लेबाज ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए भी अच्छी कमाई कर लेता है। सोशल मीडिया अकाउंट पर अच्छी फैन फॉलोइंग होने के कारण कंपनियां इन्हें विज्ञापन करने का ऑफर देती हैं। ईशान किशन की ब्रांड वैल्यू में भी काफी उछाल देखने को मिला है पिछले 2 सालों में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा बढ़ी है। इंस्टाग्राम पर इस खिलाड़ी को 7.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं, जिसका फायदा उन्हें विज्ञापन के रुप में मिलता है। वह लवजरी गाड़ियों के भी शौकीन हैं। उनके पास बीएमडब्ल्यू 5 सीरीज, मर्सिडीज-बेंज सी क्लास और फोर्ड मुस्तांग जीटी जैसी लवजरी गाड़ियां उपलब्ध है।

## शमी को शीघ्र ऑस्ट्रेलिया भेजना ठीक रहेगा : शास्त्री



एडिलेड । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया भेज देना चाहिये। शास्त्री का कहना है कि अभी ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर भारी दबाव है। उसे कम करने के लिए शमी को भेजना ठीक रहेगा। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। शास्त्री अभी ऑस्ट्रेलिया में कॉमेंट्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'शमी जितनी जल्दी यहां पहुंचेंगे, भारत के लिए उतना ही बेहतर होगा। वह बहुत सारे घरेलू मैच खेल रहे हैं' जब बुमराह गेंदबाजी कर रहे हो और अन्य गेंदबाजी भी ऐसा कर रहे होते हैं, तो आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों पर दबाव बना सकते हैं।' शमी ने चोट से उबरने के बाद घरेलू टी20 प्रतियोगिता में बंगाल के लिए सात मैच खेले हैं। अभी तक शमी के लिए सब कुछ ठीक चल रहा है। शमी छोटे स्पैल में गेंदबाजी के दौरान वह लय और नियंत्रण बनाये हुए हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अधिकारियों और एक राष्ट्रीय चयनकर्ता की कड़ी निगरानी में वापसी कर रहे हैं। वहीं इससे पहले उन्होंने तीसरे टेस्ट के लिए शमी को जल्दबाजी में शामिल नहीं करने की चेतावनी भी दी थी। तब उन्होंने कहा, 'ब्रिस्बेन शायद बहुत जल्दी हो, लेकिन मेलबर्न और सिडनी के लिए निश्चित रूप से शमी उपलब्ध हो सकते हैं।'

## इंग्लैंड 5 लाख रन बनाने वाली पहली टीम, जानें भारत लिस्ट में किस स्थान पर

**स्पोर्ट्स डेस्क** ।इंग्लैंड क्रिकेट टीम टेस्ट फॉर्मेट में 5 लाख रन पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। वह 147 साल के टेस्ट इतिहास में 1082 मैचों में 717 खिलाड़ियों के साथ इस आंकड़े तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट की दूसरी पारी के 51वें ओवर में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी बुक ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ रुरकी की गेंद पर टीम के लिए माइलस्टोन रन पूरा किया। इंग्लैंड को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग बल्लेबाजों ने कुल 18954 टेस्ट पारियां खेली। इसमें दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है जिसने 868 मैच में 429011 रन बनाए हैं। वहीं भारतीय टीम कुल 586 टेस्ट मैचों में 278870 रन बनाकर तीसरे नंबर पर है। इंग्लैंड के नाम टेस्ट इतिहास के सर्वाधिक 929 शतक भी है।



### अटकिंसन की हैट्रिक, चार अर्धशतक

पहली पारी में 280 रन पर ऑलआउट होने के बाद इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की पहली पारी 125 रन पर समेट दी। दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने पारी 86/5 के स्कोर से आगे बढ़ाई थी, लेकिन तेज गेंदबाज गस अटकिंसन ने 125 के स्कोर पर नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और टिम साउदी के विकेट लगातार गेंदों पर झटककर पारी को समेट दिया। वे इस मैदान पर हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने पारी में चायडन कार्से के साथ 4-4 विकेट बांटे। 155 रन की बढ़त के बाद इंग्लैंड ने दूसरी पारी में जैक क्राउली (8) का विकेट 1 के टीम स्कोर पर खो दिया, लेकिन जैकब बेथेल (96) ने बेन डकेट (92) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन जोड़कर बड़े स्कोर की नींव रखी। चुक (55) और जो रूट (73) ने भी अर्धशतक जमाए और पारी को 350 पार पहुंचा दिया। इंग्लैंड अभी 4.97 रन प्रति ओवर की रफ्तार से बल्लेबाजी कर रहा है।

### अब न्यूजीलैंड के लिए जीत आसान नहीं

दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने मुकाबले में 533 रन की विशाल बढ़त बना ली थी। अब अगर न्यूजीलैंड को यह मैच जीतना है जो कम से कम 534 रन बनाने होंगे, जो टेस्ट फॉर्मेट का रिकॉर्ड चेज होगा। टेस्ट में कभी 418 रन से ज्यादा चेज नहीं हुए हैं। मैच में अभी तीन दिन बाकी हैं और इंग्लैंड के दूसरी पारी में 5 विकेट शेष हैं, इसलिए लक्ष्य बढ़ भी सकता है। इंग्लिश टीम फिलहाल 378/5 के स्कोर पर बल्लेबाजी कर रही है। स्टंप्स के समय जो रूट (73) के साथ कप्तान बेन स्टोक्स क्रीज पर थे। इंग्लैंड यह मैच जीतता है तो तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना लेगा। वह उसकी न्यूजीलैंड में साल 2007-08 के बाद टेस्ट सीरीज जीत होगी।

## करण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करे राष्ट्रीय महासंघ : बोपन्ना



मुंबई । अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा है कि खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाडी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है।'' बोपन्ना अभी पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

## रोहित ने हार पर निराशा जताते हुए कहा , ये सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा

ऐडीलेड । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में मिली करारी हार पर निराशा जताते हुए कहा कि यह सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा और हम पर्याप्त रन नहीं बना पाये। भारतीय टीम को इस मैच में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। टीम के बल्लेबाज दोनो ही पारियों में विफल रहे जिससे टीम एक बार भी 90 ओवरा पूरे नहीं खेल पायी। रोहित ने टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा, हमारे लिए निराशाजनक सप्ताह रहा, हम खेल जीतने के लिए पर्याप्त रूप से अच्छा नहीं खेले और मेजबान टीम ने हर क्षेत्र में हमसे बेहतर खेला। खेल में कई बार ऐसे अवसर आए जब हम उनका लाभ उठाकर हावी हो सकते थे पर हम ऐसा नहीं कर पाये जिससे हमें हार का समाना करना ।हमने पर्थ में जिस प्रकार का अच्छा प्रदर्शन किया था वैसा ही प्रदर्शन ही हम यहां आकर फिर से करना चाहते थे पर विफल रहे। साथ ही कहा कि हर टेस्ट मैच की अपनी चुनौती होती है।

## डब्लयूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, तीसरे स्थान पर फिसली भारतीय टीम

एडीलेड । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनपशिप (डब्लयूटीसी) अंक तालिका में तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर आ गयी है। ऐसे में अगले साल जून में लॉर्ड्स में होने वाला फाइनल के किन टीमों के बीच होगा। ये तय नहीं हो पाया है।2023–25 ??चक्र के लिए दक्षिण अफ्रीका (पीसीटी 59.26) इस दौड़ में भारत (पीसीटी 57.29) से आगे निकल गया है और अब दूसरे नंबर पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (पीसीटी 60.71) पहले स्थान पर है। एडिलेड टेस्ट की शुरुआत से पहले तालिका में शीर्ष पर रहने वाली भारतीय टीम दो स्थान नीचे फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गयी है। पहले भारतीय टीम को अपनी दावेदारी पक्की करने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेच हुए तीन ही मैच जीतने होंगे।

### अंक तालिक में अब टीमों की स्थित इस प्रकार है।

ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 9 मैच जीते हैं और व 60.71 अंक प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम 9 मैच में से 5 जीतकर 59.26 अंक प्रतिशत लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि भारतीय टीम 16 मैचों में से 9 जीतकर 57.29 अंक प्रतिशत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका 10 में से 5 मैच जीतकर 50 अंक प्रतिशत के साथ ही चौथे नंबर पर है। इग्लैंड 21 मैचों में से 11 जीतकर 45 अंक प्रतिशत के साथ ही पांचवे नंबर पर है। वहीं न्यूजीलैंड और पाक 6 और 7 नंबर के साथ ही रेस से बाहर हो गये हैं। इनके 44 और 33 अंक प्रतिशत हैं।

## अंडर-19 एशिया कप : बल्लेबाजों ने किया निराश, फाइनल में बांग्लादेश से हारा भारत

**दुबई (एजेंसी)** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के भावजूद भारत को अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में रविवार को बांग्लादेश के हाथों 59 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को 49.1 ओवर में मात्र 198 रन पर रोक दिया लेकिन ऐसा लग रहा था कि उसका काम आधा हो चुका है, क्योंकि बल्लेबाजों ने टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान से मिली हार के बाद से अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। हालांकि निर्णायक फाइनल में भारत ने दो मौकों पर लगातार विकेट गंवाए जिससे उसकी कमर टूट गई। बांग्लादेश के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने दबाव बनाने में अपनी भूमिका बखूबी निभाई।

199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 35.2 ओवर में 139 रन पर ढेर हो गया। उसका कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका। इसमें आईपीएल के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे जिन्होंने मात्र 9 रन (7 गेंद, 2 चौके) बनाए। भारत को सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे (1) के रूप में शुरुआती झटके लगे और पांच ओवर के अंदर स्कोर दो विकेट पर 24 रन हो गया।

फाइनल में पहुंचने के बाद बांग्लादेश ने बाकी भारतीय बल्लेबाजों को शांत रखते हुए बाउंड्री और सिंगल रन भी बनाए। सी आंद्रे सिद्धार्थ (35 गेंदों पर 20 रन) की पारी को 12वें ओवर में रिजान हुसैन ने समाप्त किया जो खेल का एक और महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि पलड़ा पूरी तरह बांग्लादेश के पक्ष में झुक गया था। लेकिन इकबाल हुसैन इमोन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया और तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए जिससे भारत की उम्मीदों पर पानी फिर गया। उन्होंने केपी कार्तिकेय (21), निखिल कुमार (0) और हरवंश पंगालिया (6) को आउट किया।

मोहम्मद अमन ने लंबे समय तक संघर्ष किया और 65 गेंदों पर 26 रन बनाए लेकिन उनका प्रयास और हार्दिक राज की 21 गेंदों पर 24 रन की पारी भी भारत के लिए जीत के लिए काफी नहीं थी। भारत के लिए मैच का अंत तेजी से हुआ क्योंकि अजीजुल हकीम ने अपने 2.2 ओवरों में 8 रन देकर 3 विकेट लिए। पहले हाफ में रिजान हुसैन के 47, मोहम्मद शिहाब जेम्स के 40 और फरीद हसन के 39 रन ने मैच में अंतर पैदा किया जिसमें बल्लेबाजों को बीच में सहजता से रन बनाने में परेशानी हुई।

भारत ने पहले हाफ में बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर दबदबा बनाए रखा और वे अपने अधिकांश




ओवरों का इस्तेमाल करते हुए केवल 200 रन के करीब ही पहुंच पाए। भारत की ओर से युधाजीत गुहा (2/29) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि चेतन शर्मा (2/48) और राज (2/41) ने भी दो-दो विकेट लिए। किरण चोरमाले ने 7-0-19-1 का औसत प्रदर्शन किया जबकि कार्तिकेय (1/37) और म्हात्रे (1/9) ने भी एक-एक विकेट लिया।



# तुम क्या हो में रोमांस करेंगे जॉन अब्राहम और संजीदा शेख

अभिनेता जॉन अब्राहम और अभिनेत्री संजीदा शेख एक साथ स्क्रीन साझा करने वाले हैं। जी हां, इन बॉलीवुड सितारों का नया गाना तुम क्या हो जल्द ही रिलीज होने वाला है। इस एल्बम के रिलीज की घोषणा खुद अंकित तिवारी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर की है।

## अरिजीत सिंह ने गया गाना

इस एल्बम को केवल अंकित तिवारी ही नहीं अरिजीत सिंह ने भी आवाज दी है। सोशल मीडिया पोस्ट पर अंकित तिवारी ने बताया कि अरिजीत भी उनके साथ इस एल्बम में गाने के लिए तैयार हो गए।

## अंकित तिवारी ने पोस्ट पर कहा

गायक अंकित तिवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट साझा कर अपने नए गाने की घोषणा की है। उन्होंने पोस्ट पर लिखा, इंडस्ट्री में मेरे दोस्त जॉन अब्राहम और संजीदा शेख जल्द ही एक एल्बम में नजर आने वाले हैं। तुम क्या हो गाना कल रिलीज होने वाला है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने मेरे साथ गाने के लिए हामी भरी। भगवान वाकई बहुत दयालु है। अब आपको तय करना है कि हमें कितना प्यार देना है।

## प्रशंसकों ने दिया ऐसा रिएक्शन

इस पोस्ट पर अंकित तिवारी और अरिजीत सिंह के साथ ही जॉन अब्राहम और संजीदा शेख के प्रशंसकों ने अपनी उत्सुकता जाहिर की है। एक यूजर ने लिखा, अंकित भाई इसका इंतजार है। एक अन्य यूजर ने लिखा, सर बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। आप अरिजीत सिंह के साथ और भी गाने रिकॉर्ड कीजिए। एक अन्य ने लिखा, इस नए हिट का इंतजार है। बता दें, इस गाने के लिरिक्स अभेंद्र कुमार उपाध्याय ने लिखे हैं। इस गाने को सरमन जैन और प्रीत राजपूत ने निर्देशित किया है।





# भारत की सबसे चर्चित अभिनेत्री बनीं तृप्ति डिमरी, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट को भी दी मात

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी साल 2024 में आईएमडीबी की लिस्ट में भारत की सबसे चर्चित सितारों में शामिल हो गई हैं। तृप्ति न सिर्फ इस लिस्ट में शामिल हुई हैं बल्कि नंबर वन सितारा भी बन गई है। लिस्ट में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान का भी नाम शामिल है। इस लिस्ट से तृप्ति डिमरी का शानदार काम और चर्चा देख अभिनेत्री के फैंस उत्साहित हैं। फिल्म एनिमल की लोकप्रियता के बाद से तृप्ति डिमरी चर्चा में रही हैं। इस साल तृप्ति की कई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो चुकी हैं। इसमें बैड न्यूज, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और भूल भुलैया 3 शामिल है।

तृप्ति डिमरी ने कहा, आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय सितारों की सूची में नंबर वन पर आना सच में बहुत बड़ा सम्मान है। मेरे प्रशंसकों के सहयोग से मुझे ये सौभाग्य मिला है। अच्छी फिल्मों में काम करने से लेकर भूल भुलैया 3 के साथ 2024 को खत्म करने तक, यह मेरे लिए एक यादगार साल रहा है। मैं आगे क्या होता है, इसका इंतजार कर रही हूं क्योंकि मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनी रहूंगी।

## लिस्ट में ऐसा है सितारों का स्थान

आईएमडीबी की 2024 की इस लिस्ट में पहले स्थान पर तृप्ति डिमरी हैं। दूसरे स्थान पर दीपिका पादुकोण हैं। तीसरे स्थान पर ईशान खट्टर हैं। चौथे स्थान पर शाहरुख खान हैं। पांचवें स्थान पर शोभिता धूलिपाला हैं। लिस्ट में छठा स्थान मिला है शरवरी को। सातवें नंबर पर हैं ऐश्वर्या राय बच्चन। आठवें नंबर पर सामंथा को रखा गया है। नौवें नंबर पर आलिया भट्ट हैं और दसवें नंबर पर प्रभास को रखा गया है।

## शाहरुख खान की नहीं आई फिल्म

इस साल शाहरुख खान की एक भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं आई, इसलिए वे लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। शाहरुख खान इन दिनों कई इवेंट्स में शामिल हो रहे हैं। वहीं, अगले साल अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में नजर आने वाले हैं।

# अर्जुन बोले-फ्रेंचाइजी फिल्मों को बनाना आसान काम नहीं

अर्जुन कपूर लंबे समय से एक अदद हिट फिल्म के लिए तरस रहे थे, ऐसे में उन्हें मल्टीस्टारर फिल्म 'सिंघम अगेन' से काफी उम्मीद थी। अजय देवगन की इस फ्रेंचाइजी फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन के रोल में नजर आए। फिल्म में उनके अभिनय को जरूर सराहा गया लेकिन 'सिंघम अगेन' को मनचाही सफलता नहीं मिली। हाल ही में अर्जुन कपूर ने फ्रेंचाइजी फिल्मों को लगातार बनाए जाने और उनके सफल-असफल होने पर बात की।

हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा कि फ्रेंचाइजी फिल्म को बनाना मुश्किल काम है। वह कहते हैं, 'हिट फ्रेंचाइजी बनाना आसान नहीं है। ऐसी बहुत सी फिल्में रही, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया। लेकिन इसके लिए हमें माफी मांगने की जरूरत नहीं है। हमें तो खुश होना चाहिए कि दर्शक अलग-अलग तरह की फिल्में देखना चाहते हैं। ऐसे में हमें नई तरह की फिल्में और सिनेमा भी तैयार करना चाहिए।

## फिल्म एनिमल-जवान को सराहा

अर्जुन कपूर ने अपने इंटरव्यू में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' और रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की काफी तारीफ की। वह कहते हैं कि एनिमल और जवान की सफलता से पता चलता है कि फ्रेश स्टोरी दर्शकों को पसंद आ रही हैं। 'एनिमल' और 'जवान' एक्शन फिल्में जरूर थी लेकिन इनकी कहानी में एक नयापन देखने को मिला था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।

## नो एंट्री 2 का हिस्सा बनेंगे

अगले साल अर्जुन कपूर फिल्म 'नो एंट्री 2' में नजर आएंगे। यह सलमान खान की फिल्म 'नो एंट्री' का सीक्वल है। इसमें उनके साथ कुछ नामी बॉलीवुड एक्टर भी अहम रोल करते हुए नजर आएंगे।

## ब्रेकअप के बाद हो गए अकेले

फिल्मों से हटकर अर्जुन कपूर के निजी जीवन के बारे में बात की जाए तो उनका ब्रेकअप फेज चल रहा है। कुछ समय पहले ही उन्होंने अपने फैंस को बताया था कि वह ब्रेकअप के बाद अकेले हो गए हैं। अर्जुन कपूर कई सालों तक मलाइका अरोड़ा के साथ रिलेशनशिप मे रहे हैं। अब इन दोनों का ब्रेकअप हो गया है।



# नितेश तिवारी की रामायण का लक्ष्मण बने रवि दुबे

अभिनेता रवि दुबे ने अपने प्रशंसकों को खुशखबरी सुनाई है। अभिनेता ने बताया है कि वह नितेश तिवारी की आगामी पौराणिक फिल्म रामायण का हिस्सा बन गए हैं। इतना ही नहीं रवि ने फिल्म में अपने किरदार से भी पर्दा उठा दिया है। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में रवि लक्ष्मण का किरदार निभाएंगे। नितेश की रामायण आने वाले वर्षों की सबसे प्रतीक्षित हिंदी फिल्मों में से एक है।

एक हालिया इंटरव्यू में रवि दुबे ने फिल्म में अपनी भागीदारी का खुलासा किया और रणबीर कपूर के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। रामायण में अपनी भूमिका की पुष्टि करते हुए दुबे ने कहा, मैं फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभा रहा हूं। आखिरकार मुझे इसका खुलासा करने के लिए निर्माताओं से अनुमति मिल गई है।

## खुलासा कर बढ़ाया उत्साह

रवि दुबे ने कहा, मैंने इतने समय तक इस बारे में बात नहीं की क्योंकि मैं गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देना चाहता था और नमित (मल्होत्रा) और नितेश सर की कलाकारों का खुलासा करने की योजना को बर्बाद नहीं करना चाहता था। उन्होंने आगे कहा, लक्ष्मण का किरदार निभाना एक सम्मान और जिम्मेदारी है। अपने भाई राम के प्रति उनकी भक्ति और उनके मूल्य ऐसे गुण हैं जिनकी मैं गहराई से प्रशंसा करता हूं।

रवि दुबे ने रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने को लेकर कहा, वह दयालु हैं, गर्मजोशी से भरे हैं, वह सबसे बेदाग पेशेवर हैं जिनसे मैं कभी मिला हूं। मैं रणबीर कपूर जैसे मेगास्टार के साथ पहली बार काम कर रहा हूं। वह सभी के प्रति दयालुता, सहानुभूति और इज्जत रखते हैं। इससे पहले, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने खुलासा किया था कि लक्ष्मण का किरदार निभाने के लिए सही अभिनेता ढूंढना मुश्किल था।





# फिल्म में आंखों की गुस्ताखियां में शनाया कपूर नजर आएंगे विक्रांत मैसी

अभिनेता विक्रांत मैसी ने सोशल मीडिया पर सिनेमा से ब्रेक की बात कही। इस बात के खुलासे के बाद विक्रांत को लेकर हर तरफ चर्चा होने लगी। लोगों को ऐसा लगा कि उन्होंने फिल्मी दुनिया से संन्यास ले लिया है। इस बीच उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की है।



## साल 2025 में आएंगी दो फिल्में

विक्रांत मैसी की दो फिल्में साल 2025 में आने वाली हैं। एक फिल्म का टाइटल है आंखों की गुस्ताखियां। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग अभी बाकी है। इस बीच ही अभिनेता ने अपने ब्रेक की घोषणा कर दी। विक्रांत ने इस ब्रेक पर जाने से पहले बचे हुए कामों को खत्म करने के लिए देहरादून जाकर शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने पोस्ट पर लिखा, आखिरी दो फिल्में ऐसी बात कह कर उन्होंने सिनेमा से ब्रेक लेने की बात कही।

## स्वास्थ्य पर देना चाहता हूं ध्यान

विक्रांत ने कहा, एक्टिंग ही है जो मैं कर सकता हूं, इससे ही मुझे सब कुछ मिल सकता है। मेरी शारीरिक और मानसिक हालत फिलहाल ठीक नहीं है, इसलिए मैं थोड़ा ब्रेक लेना चाहता हूं। मैं थोड़ा बेहतर करना चाहता हूं। मेरी पोस्ट को गलत समझा गया कि मैं फिल्मों से रिटायर लेना चाहता हूं। मैं अपने परिवार और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कुछ समय लेना चाहता हूं।

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक नोट में उन्होंने लिखा, पिछले कुछ साल और उससे पहले का समय अद्भुत रहा है। मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे हमेशा समर्थन दिया, लेकिन जैसे ही मैं आगे बढ़ा तो मुझे यह एहसास हुआ कि एक पति, पिता, बेटे और एक अभिनेता के रूप में भी अब खुद को पुनः संरेखित करने और घर लौटने का समय आ गया है।




# अजय देवगन की रेड 2 ही बनी दे दे प्यार दे 2 में देरी की वजह

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते दिन अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म रेड 2 की नई रिलीज डेट का एलान किया है। अभिनेता की यह फिल्म पहले अगले साल फरवरी में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसमें देरी हुई और निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख को स्थगित कर आगे खिसका दिया। वहीं, अब अभिनेता की दूसरी फिल्म की रिलीज डेट को भी अब आगे खिसकाया जाएगा।

## रेड 2 की रिलीज में बदलाव

दरअसल, रेड 2 की तरह ही अजय देवगन की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म दे दे प्यार दे 2 की रिलीज की तारीख को आगे खिसकाया जा रहा है। इसकी वजह रेड 2 ही है। दरअसल, दे दे प्यार दे 2 पहले 1 मई, 2025 को रिलीज होने वाली ही थी, लेकिन बीते दिन मंगलवार को अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर 1 मई, 2025 को रेड 2 की रिलीज की घोषणा की। अब दे दे प्यार दे 2 को टकराव से बचने के लिए आगे खिसकाया जा रहा है।

## सितंबर में रिलीज होगी दे दे प्यार दे 2

रिपोर्ट्स के अनुसार, अजय देवगन की उनकी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म दे दे प्यार दे 2 को अब सितंबर की नई रिलीज डेट मिलेगी। अब यह कॉमेडी फिल्म अगले साल सितंबर में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। दे दे प्यार दे 2 की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। अब इसकी आधिकारिक रिलीज डेट का इंतजार है।

## दे दे प्यार दे 2 के कलाकार

दे दे प्यार दे 2 का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है। टी-सीरीज के निर्माता भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग इसका निर्माण कर रहे हैं। फिल्म में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। फिल्म में आर माधवन भी नजर आएंगे, जो रकुल के पिता की भूमिका निभाएंगे।

## गुमनाम नायकों की कहानी है 'रेड 2'

अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' आयकर विभाग के गुमनाम नायकों की कहानी बताएगी। उनकी किताबों से सच्ची घटनाएं सामने लाएगी। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में वाणी कपूर और रजत कपूर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। अभिनेता रितेश देशमुख 'रेड 2' में खलनायक की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। सीक्वल को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने अपने बैनर टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियोज के तहत बनाया है।

# जिंदगी की नई शुरुआत के लिए तैयार मनीषा कोइराला

फिल्म इंडस्ट्री की एवरग्रीन अभिनेत्री मनीषा कोइराला जिंदगी की नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। अपनी नई कहानियों को हकीकत में बदलने की दिशा में अभिनेत्री ने पहला कदम उठाया। हीरामंडी- द डायमंड बाजार फेम मनीषा किताब लिखने की तैयारी में हैं, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट में दिखाई। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर मनीषा कोइराला ने कैप्शन में लिखा, मुझे अपना नया मैकबुक मिला और मैं लिखने की तैयारी में हूं। नए सफर के लिए उत्साह और घबराहट दोनों महसूस कर रही हूं, लेकिन मैं इसमें डूबने के लिए और अपने सपनों को साकार करने के लिए तैयार हूं। मेरी पहली किताब 'हील्ड' लिखना आसान था क्योंकि यादें गहरी और ताजा थीं। लेकिन अब, मैं नए अनुभवों और भावनाओं को दोबारा से पन्नों पर उतारने के लिए तैयार हूं। मेरी राइटिंग जर्नी अपडेट के लिए यहां पर रखें नजर।

